हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–82 : जौनपुर, शनिवार 14 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अगर कोरोना और रूस–यूक्रेन युद्ध नहीं होता तो हमारी अर्थव्यवस्था 4.3 ट्रिलियन डॉलर की होती–रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

लखनऊ ब्यूरो : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि कोरोना और यूक्रेन–रूस युद्ध नहीं होता तो हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 4.3 ट्रिलियन डॉलर होता। भारत की तरह ही अमेरिका और चीन में भी महंगाई का संकट है। कोरोना से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। यह बताने की आवश्यकता नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमारे कोरोना प्रबंधन की प्रशंसा की है। देश से निर्यात लगातार बढ़ रहा है। अंतराष्ट्रीय व्यापार बढ़ रहा है। आरबीआई ने महंगाई रोकने के लिए कदम उठाए है। रक्षामंत्री शनिवार को लखनऊ इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम नमस्ते लखनऊ विद राजनाथ सिंह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से विश्व में भारत की प्रतिष्ठा, साख और विश्वसनीयता बढ़ी है। पहले भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। आज अमेरिका भी भारत की बात सुनकर उस पर अमल करने की कोशिश करता है। नेतृत्व प्रभावी होता है तो विकास को कोई नहीं रोक सकता है। डिफेंस की क्षमता और अर्थव्यवस्था से किसी देश की ताकत का आकलन होता है। रक्षामंत्री ने कहा कि मैं जानता हूं कि कोई यह दावा नहीं कर सकता है कि क्षेत्र का समग्र विकास किया गया है लेकिन जो कुछ भी मुझसे संभव था वह किया। रिंग रोड लखनऊ का ड्रीम प्रोजेक्ट था उसे पूरा किया जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी को कहा है कि रिंग रोड का काम जल्दी से पूरा किया जाए। उसकी गति तेज कराने के लिए नितिन गडकरी से भी बात की है। जो जनता कहती है वह मैं कर देता हूं। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के 6 फ्लाई ओवर पूरे बन गए है। 5 फ्लाई ओवर और स्वीकृत हुए हैं। रेलवे स्टेशन का भी विकास कर रहे हैं। गोमती नगर रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास बनेगा। पैसे का संकट नहीं है। रेलवे की समस्या है कि भूमि खरीदने वाले नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सन्तुष्ट नहीं होती तो इतनी बहुमत से सरकार बनाना संभव नहीं होता। व्यापार के लिए रेड टेप की जगह रेड कारपेट उपलब्ध कराएगी सरकार रक्षामंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में यह साबित हो गया है कि सिस्टम में बदलाव लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। जीएसटी कलेक्शन को लेकर करिश्मा हुआ है। अप्रैल में एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ है। सरकार भ्रष्टाचार और लीकेज रोकने में कामयाब रही है। अब व्यापार के लिए रेड टेप की जगह रेड कारपेट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इंडो चायना स्टैण्ड से भारत ने अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। भारत परिणाम की चिंता नहीं करेगा लेकिन स्वाभिमान से समझौता भी नहीं करेगा। हम सुरक्षा व्यवस्था में दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। 309 हथियार भारत मे बनाए जाएंगे। 68 प्रतिशत बजट घरेलू उद्योग पर खर्च होगा। 25 प्रतिशत निजी उद्योग को जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में में युवक की मौत : हत्या का आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली थाना क्षेत्र के तियरा गांव में शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की मौत हो गई। हालांकि युवक की माँ फूला देवी ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी स्वर्गीय खदेरन राम के 30 वर्षीय पुत्र अखिलेश मुसहर को रात नौ बजे करीब बगल के गांव अटौली रंजीत यादव व तियरा निवासी सचिन निषाद घर से लिवाकर गये थे। रात 10.30 बजे के करीब उसे घर लेकर पहुंचे। तो अखिलेश की मौत हो गई थी। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार सूबह सूचना मिलते ही सीओ शुभम तोदी व प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां फूला देवी की तहरीर पर पुलिस ने रंजीत यादव पुत्र फौजदार निवासी अटौली तथा सचिन निषाद पुत्र इंद्रजीत निवासी तियरा थाना बदलापुर पर केस दर्ज आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपित अखिलेश को लिवाकर शहद निकालने के लिए एक जंगल में गये थे। जहां बरगद के पेड़ पर चढ़कर निकाल रहे थे इसी बीच मधुमक्खी काटने लगा तो अखिलेश उतरने लगा। इसी बीच वह पेड़ से गिर गया और मौत हो गई। हालांकि प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारण के बारे में कुछ कहा जा सकता है।







वहीं इस मामले में शनिवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शुभम तोंदी ने बताया कि शनिवार सुबह पीआरबी द्वारा गांव में शव मिलने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मां की तहरीर पर दो नामजद अभियुक्तों को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ की जा रही है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मंदिर पर आयोजित भंडारा में भक्तो ने ग्रहण किया प्रसाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रुस्तमपुर गाँव में प्राचीन माता मंदिर के स्थापना दिवस पर शनिवार को पूजा पाठ और आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी राम आसरे ने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र के लोगों के आस्था का केन्द्र है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से जो भी मांगा जाता है। देवी की शक्ति से वह मुराद अवश्य पूरी होती है। यहां कई दशकों से स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन होता रहा है। इस मौके पर राजकुमार, राजेश, लक्ष्मीशंकर, रेखा देवी, सुनैना, जड़ावती आदि मौजूद रहीं।

## तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ : 143 करोड़ के विकास योजनाओं का देंगे सौगात

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे (14, 15 व 16 मई) पर शनिवार को गोरखपुर आएंगे। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में 143 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास–लोकार्पण करेंगे। जनसभा करके सरकार की उपलब्धियां भी गिनाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,मुख्यमंत्री शनिवार दोपहर बाद 3:30 बजे से रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की 143 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इनमें 68 करोड़ की सड़कें, पुलिया एवं जल निकासी संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। वहीं, भीटी रावत में सब सेंटर समेत 75 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे की सूचना के बाद विभागीय अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। अलग–अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री शनिवार को कुशीनगर व गोरखपुर के अलग–अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, फिर गोरखनाथ मंदिर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम में जनता दरबार लगाएंगे। फरियादियों को सुनेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा भी कर सकते हैं। वह सोमवार सुबह कुशीनगर जाएंगे। वहीं से लखनऊ चले जाएंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी की तैयारियां भी परखेंगे मुख्यमंत्री भगवान बुद्ध की 2566वीं जयंती के मौके पर 16 मई को लुंबिनी में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वह पहले विमान से कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फिर हेलीकॉप्टर से लुंबिनी के लिए प्रस्थान करेंगे। कुशीनगर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे, फिर वापसी पर एयरपोर्ट पर ही रहेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री शनिवार को कुशीनगर जाएंगे। वहां प्रधानमंत्री के अगवानी से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर भी जा सकते हैं। भगवान बुद्ध की लेटी प्रतिमा के दर्शन भी कर सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी शासन की तरफ से कोई अधिकृत कार्यक्रम नहीं जारी हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशीनगर आगमन के मद्देनजर शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुशीनगर जाएंगे।



## जीवन का लेखाजोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की आराधना जरूरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देवभूमि उत्तराखंड में एक और मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा रखी गई । देहरादून स्थित ऋषिकेश के आईडीपीएल में श्री महाशक्ति दुर्गा मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधिविधान के साथ किया गया । उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश के कई जगहों से बड़ी सख्या में कायस्थ समाज के लोगों की उपस्थिति में पूजा पाठ हवन के बाद भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोला गया । इस पावन अवसर पर कबीर चौरा आश्रम के मुख्य कर्ताधर्ता और संरक्षक अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महंत कपिल मुनि महाराज ने विधिवत पूजा अर्चना की । महंत कपिल मुनि महाराज ने भगवान चित्रगुप्त जी की महिमा का व्याख्यान करते हुए बताया की मनुष्य के जीवन का लेखा जोखा रखने वाले श्री चित्रगुप्त जी की पूजा आराधना से ही जीवन की मुक्ति मिलती है । उन्होंने बताया कि कायस्थ समाज के ईष्ट देव श्री चित्रगुप्त जी हिंदुओं के प्रमुख देवता है जो हर व्यक्ति के जीवन का लेखाजोखा रखते है । इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ समाज के पूरे प्रदेश से लोगों ने सिरकत किया । कायस्थ समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश से आए कायस्थ समाज के सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए भगवान चित्रगुप्त जी के विषय में विस्तृत रूप से बताया ।संजय श्रीवास्तव ने कहाँ कि मुक्ति को जीवन का लेखाजोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की आराधना जरूरी है । इस महा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और जिनके प्रयास से ऋषिकेश में यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ वह चित्रांश मनोज श्रीवास्तव ने बताया की यहाँ का कायस्थ समाज काफी दिनो से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्रतिमा लगाने का प्रयास कर रही थी जिसे आज यहाँ धूम धाम के साथ स्थापित किया गया । उन्होंने कहा की भगवान चित्रगुप्त जी के यहाँ विराजमान होने से कायस्थ समाज के साथ अन्य सभी समाज को भी भगवान के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होते रहेंगे । उन्होंने बताया कि श्री चित्रगुप्त सभा के सामूहिक प्रयास से यह शुभ घड़ी आई है इस लिए पूरी सभा धन्यवाद की पात्र है ।इस दौरान गोरखपुर से मशहूर ज्योतिषाचार्य रतन श्रीवास्तव , महासभा की प्रदेश महिला अध्यक्ष अनिता सक्सेना , महासभा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सक्सेना , प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ,प्रदेश उपाध्यक्ष रवि सरन , प्रदेश महासचिव सर्वेश माथुर , प्रदेश उपाध्यक्ष व गढ़वाल प्रभारी कमल भटनागर , प्रदेश कोषाध्यक्ष हितेंद्र श्रीवास्तव , प्रदेश सह संगठनमंत्री सुशील सक्सेना ,जिला अध्यक्ष देहरादून जितेंद्र श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष पी के कलश्रेस्ठ , ऋषिकेश अध्यक्ष ड़ा विनोद श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष बिना भटनागर , हरिद्वार से विश्वास सक्सेना ,संजय सिन्हा, जेपी श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे ।इस दौरान प्रदेश से आए सभी लोगों को डाक्टर डी के श्रीवास्तव ने धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि इसी संख्या में लोग भगवान के दर्शन को आते रहे।



## आवास के लिए दस हजार घूस लेने का एडीओ पंचायत पर आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लाक मुख्यालय पर तैनात एडीओ पंचायत हौसिला सिंह के खिलाफ अभी एक वायरल बीडीओ का स्पष्टीकरण भी नहीं दे पाये थे कि दूसरी मुश्किल उनके सामने खड़ी हो गई। शनिवार को पिलकिछा गांव निवासी एक व्यक्ति ने उनके खिलाफ बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि एडीओ पंचायत द्वारा पीएम आवास दिलाने के नाम पर उससे दस हजार रुपये लिए है। बावजूद इसके उसे आवास भी नहीं दिया गया। पीड़ित का दावा है कि पैसा देते समय का बीडीओ भी उसके पास सुरक्षित रखा हुआ है। जिसे जांच के दौरान दिखाएगा। गांव निवासी सत्यप्रकाश तिवारी का आरोप है कि उसके पास रहने के लिए घर नहीं है। उसने महीनो पूर्व प्रधानमन्त्री आवास हेतु बीडीओ कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि जांच के लिए उसके घर गये एडीओ पंचायत ने आवास आनलाइन करने के नाम पर उससे दस हजार रुपये की मांग की। कहा कि यदि पैसे नहीं दिए तो लिस्ट से नाम हटा दिया जायेगा। पीड़ित का आरोप है कि वह दस हजार रुपये एडीओ पंचायत को दे दिया। चोरी छिपे पैसा देते समय का बीडीओ भी बना लिया। आरोप है कि उसे कई माह से बहाने बनाकर टरकाया जा रहा है। उधर एडीओ पंचायत ने सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार बताया। बीडीओ वीरभानु सिंह ने बताया कि दिए गये प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपो की जांच करायी जायेगी।

### आदित्य मेडिकेयर कूड़ाघाट पर दर्ज कराया गया मुकदमा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आदित्य मेडिकेयर कूड़ाघाट में एनआईसीयू व दवाखाना अवैध तरीके चलते हुए पाया गया ओटी में सफाई व्यवस्था ध्वस्त पाई गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी सदर व टीम द्वारा आदित्य मेडिकेयर कूड़ाघाट की जांच प शिकायतों के आधार पर किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी सदर ने जांच करने पर पाया कि उक्त अस्पताल में एनआई सीयू व दवाखाना संचालित हो रहा था लाइसेंस मांगने पर अस्पताल संचालक द्वारा प्रस्तुत



नहीं किया गया है तथा उक्त दवाखाना किसी फार्मासिस्ट द्वारा संचालित नहीं किया जा रहा था । उक्त अस्पताल के ओ टी में साफ सफाई की व्यवस्था उचित नहीं थी न ही अस्पताल में मान्यता प्राप्त डाक्टर उपस्थित नहीं थे । उपरोक्त कमियों को देखते हुए जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने मुख्य चिकित्साधिकारी , गोरखपुर को निर्देशित किया की आदित्य मेडिकेयर कूड़ाघाट के संचालक व उसमें संचालित मेडिकल स्टोर संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उक्त अस्पताल का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलम्बित करना सुनिश्चित करें साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट कार्यलय को प्रेषित कर हमें अवगत कराये। डीएम ने कहा कि अवैध तरीके से जनपद में कोई भी अस्पताल प्रतिष्ठान या संस्थान संचालित नहीं होने पाएगा अवैध तरीके से संचालित होने पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शौचालय गबन मामले में ग्राम विकास अधिकारी प्रसून मिश्र निलंबित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय की अनुदान राशि के गबन मामले में ग्राम विकास अधिकारी प्रसून मिश्र को निलंबित कर दिया गया है । डीडीओ प्रेमनाथ यादव ने आरोपी ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से गोला विकास खंड कार्यालय से संबंध करते हुए आगे की जांच के लिए गोला बीडीओ को नामित किया है । बता दें कि चरगावां ब्लॉक के एकला नंबर दो में प्रसून मिश्र के सचिव के पद पर तैनाती के समय शौचालय में जमकर धांधली हुई थी । भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह द्वारा एक सितंबर 2020 को जिलाधिकारी को पत्र देकर गांव में शौचालय में हुई धांधली की शिकायत की गई थी । डीपीआरओ द्वारा गठित टीम की जांच में कुल 123 शौचालय में फर्जी भुगतान का मामला प्रकाश में आया था । 26 मार्च 2021 को आरोपी ग्राम विकास अधिकारी प्रसून मिश्र एवं तत्कालीन ग्राम प्रधान को नोटिस जारी की गई थी । ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा आरोपों के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका । गुलरिहां थाने में दोनों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया गया है । 26 अप्रैल 2022 को जिला विकास अधिकारी प्रेम नाथ यादव द्वारा ग्राम प्रधान व सचिव प्रसून मिश्र को 15 दिन के भीतर 14 लाख 76 हजार गबन की धनराशि का आधा–आधा रुपए जमा कराने का निर्देश दिया था ।लेकिन आरोपी ग्राम विकास अधिकारी द्वारा अपने हिस्से की सात लाख 38 हजार रुपए की धनराशि जमा नहीं की गई । वर्तमान समय में खजनी ब्लाक में तैनात ग्राम विकासअधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए गोला ब्लॉक से संबद्ध कर दिया गया है । साथ ही गोला के बीडीओ को आगे के आरोपों की जांच के लिए अधिकारी नामित किया गया है । नीलंबन पत्र में ग्राम विकास अधिकारी पर प्रमुख आरोप है कि नोटिस के बावजूद निर्धारित अवधि में पैसा नहीं जमा कराया गया । कर्तव्यों का निर्वहन प्रमाणिकता से नहीं करने के कारण सरकारी योजना में रुकावट पैदा हुई । उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की गई । डीडीओ ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न प्रकार के आरोपों के कारण जिले के 12 ग्राम विकास अधिकारी प्रमोशन नहीं पा सके हैं । आगे भी दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही चलती रहेगी।

## तिवारीपुर के पिपरापुर गैस सिलेंडर में लगी आग : घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : तिवारीपुर थाना क्षेत्र के पिपरापुर नवाब अली मस्जिद के पास एक मकान में गैस सिलेंडर में आग लगने के घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। जैसे ही मोहल्ले में आग की सूचना लोगों को मिली तो बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची तिवारीपुर पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया । तिवारीपुर थाना प्रभारी राजेंद्र प्रताप सिंह ने घटना का तत्काल संज्ञान लिया। जानकारी के मुताबिक अजीजुर रहमान ने बताया कि घर में गैस पर खाना बन रहा था कि अचानक सिलेंडर में आग लग गई सिलेंडर में आग की जानकारी होने



पर अंदर कमरे में गया तो आग ने विकराल रूप ले लिया था मोहल्ले के लोगों और अग्निशमन विभाग की टीम के सहयोग से आग पर काबू पा लिया है घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आध्यात्मिकता में सर्व समस्याओं का समाधान निहित है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## एक–दूसरे पर निर्भर देश और वैश्विक कारोबार को प्रभावित करने वाले कारक

भारत के पास डॉलर का पर्याप्त भंडार है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि चीजें बहुत अच्छी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की मजबूती के लिए कुछ कदम उठा सकता है, मगर ब्याज दरों में वृद्धि करने से मुद्रास्फीति में आई तेजी से वह पहले ही जूझ रहा है। सरकार गिरते रुपये को उठाने के लिए कुछ झटके दे सकती है, लेकिन इस समय वह ऐसा कुछ करेगी लगता नहीं, क्योंकि इसका प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा।

मैं भारत में रहता हूं, इसलिए डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट मेरे लिए कोई मायने नहीं रखती। यह मेरे एक दोस्त का तर्क है। पाम ऑयल के वैश्विक रूप से सबसे बड़े निर्यातक इंडोनेशिया ने कुछ महीने पहले निर्यात पर रोक लगा दी। आदर्श रूप में भारतीयों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए था, क्योंकि इंडोनेशिया की सरकार ने तेल की आंतरिक जरूरतों के प्रबंधन के लिए यह फैसला लिया था। जिस तरह से पाम ऑयल और अन्य खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोतरी हुई है, उसे देखते हुए मेरे दोस्त की पत्नी ने डॉलर को लेकर की गई उसकी टिप्पणी से असहमति जताई।

उसने अपने पति को याद दिलाया कि हमें आज जो महंगा पेट्रोल या डीजल लेना पड़ रहा है, उसका कारण कच्चे तेल के बढ़ते दाम हैं। सचमुच हम आज ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जो पूरी तरह से एक–दूसरे से जुड़ी हुई है और एक–दूसरे पर निर्भर है। एक देश में यदि सूखा पड़ता है या कहीं और अत्यधिक बारिश होती है, तो इससे वैश्विक कारोबार का तरीका बदल जाता है। आइए पहले यह समझें कि भारत आयात की तुलना में मूल्य के संदर्भ में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात बहुत कम करता है।

व्यापार की भाषा में इसका मतलब है कि अगर भारत 100 रुपये के सामान का निर्यात करता है, तो वह डेढ़ गुना या 150 रुपये के सामान का आयात करता है। वैश्विक व्यापार डॉलर में होता है, क्योंकि डॉलर एक शक्तिशाली मुद्रा है और वैश्विक स्तर पर अग्रणी मुद्रा के रूप में इसकी स्वीकृति है, जिसे अधिकांश देश अपनी मुद्रा के बरक्स स्वीकार करते हैं। ऐसे कई आर्थिक, राजनीतिक और विविध कारक होते हैं, जिनका प्रभाव वैश्विक कारोबार पर पड़ता है। महामारी और युद्ध इसे और जटिल बनाते हैं।

भारत के पास डॉलर का समुचित भंडार था, लेकिन चार महीनों से डॉलर के निवेश का बहिर्प्रवाह बढ़ा है। इसमें वैश्विक निवेशकों द्वारा भारत में लगाया गया धन शामिल है, जो कि भारतीय बाजारों को अपने अनुकूल पा रहे हैं। रुपये के कमजोर होने से और डॉलर के मजबूत होने पर बाहर निकलने से उन्हें फायदा होता है, फिर बाहर निकलने की उनकी वजह चाहे कुछ भी हो सकती है। उदाहरण के लिए, अभी वैश्विक रूप से मुद्रास्फीति बढ़ रही है, जो कि संस्थागत निवेशकों सहित बड़ी संख्या में निवेशकों को अपनी नकद होल्डिंग बढ़ाने को मजबूर करती है, ताकि वे उच्च मुद्रास्फीति की चुनौती का सामना कर सकें।

एक अमेरिकी डॉलर 77.4 रुपये का हो गया है, यह संभवतः डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे न्यूनतम मूल्य है। इसके अलावा कच्चे तेल के बढ़ते दाम के साथ ही कच्चे माल की लागत भी बढ़ रही है, जिनमें इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स, भारी मशीनरी और लॉजिस्टिक्स इत्यादि शामिल हैं। हम, कई अन्य देशों की तरह, रुपये के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चुनौती का सामना कर रहे हैं। यह कितना बुरा है? ईंधन के दाम बढ़ रहे हैं और ये अभी और बढ़ेंगे। इसलिए खुद को अगले कुछ महीनों की कड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करें।

कच्चे तेल के बढ़ते दाम और कमजोर रुपये का मतलब है कि समान मात्रा के ईंधन के लिए आपको पहले से अधिक भुगतान करना होगा। आप सिर्फ कच्चे तेल के उच्च दाम के लिए ही अधिक भुगतान नहीं करेंगे, बल्कि डॉलर के मजबूत होने की कीमत भी चुकाएंगे। लंबा खिंचता यूक्रेन–रूस संघर्ष भी अनेक वस्तुओं और ऊर्जा लागत को प्रभावित करेगा। खाना पकाने के सूरजमुखी के तेल पर गौर करें। सूरजमुखी तेल के कुल वैश्विक उत्पादन के 66 फीसदी का स्रोत रूस और यूक्रेन ही हैं।

युद्ध ने तेल के निर्यात को अनिश्चित काल तक के लिए कठिन बना दिया है और यह कोई नहीं जानता कि हालात कब बेहतर होंगे। भारत के पास डॉलर का पर्याप्त भंडार है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि चीजें बहुत अच्छी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की मजबूती के लिए कुछ कदम उठा सकता है, मगर ब्याज दरों में वृद्धि करने से मुद्रास्फीति में आई तेजी से वह पहले ही जूझ रहा है। सरकार गिरते रुपये को उठाने के लिए कुछ झटके दे सकती है, लेकिन इस समय वह ऐसा कुछ करेगी लगता नहीं, क्योंकि इसका प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा।

हां, सकारात्मक यह देखा जा सकता है कि कमजोर रुपये के कारण भारत के निर्यात में वृद्धि के लिए यह एक अच्छा समय है, लेकिन मुश्किल यह है कि हम वैसे भी वैश्विक व्यापार में उस स्तर का निर्यात नहीं करते हैं, जो अन्य देशों को भारत से आयात करने के लिए आकर्षित करे। ईंधन की लागत और मुद्रास्फीति पहले ऐसे संकेतक हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ रहा है और पड़ेगा। इसका असर अर्थव्यवस्था के दूसरे हिस्सों पर भी पड़ेगा। उदाहरण के लिए, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हवाई यात्रा की लागत बढ़ती जा रही है।

विदेशों में पढ़ने वाले लाखों भारतीय छात्रों को देखते हुए साफ है कि इसका विदेशी शिक्षा पर भी असर पड़ेगा। अलबत्ता अप्रवासी भारतीयों (एनआईआई) के लिए यह अच्छी खबर है। कमजोर रुपये का मतलब है कि स्वदेश भेजने वाले प्रत्येक डॉलर पर उन्हें अब अधिक रुपये मिलेंगे। सिर्फ भारतीय रुपया अकेली मुद्रा नहीं जिसमें गिरावट आई है। यहां तक कि येन (जापान), युआन (चीन), पाकिस्तानी रुपया के साथ ही बांग्लादेश तथा श्रीलंका की मुद्राएं नीचे गिर रही हैं। यह चिंता का विषय है और हालांकि सरकार सीधे तौर पर कुछ नहीं कर सकती है, वह नुकसान को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा सकती है।

यह आने वाले समय में ही पता चलेगा कि हमें कैसा नुकसान हुआ है। वैसे देखा जाए, तो ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का सरकार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा हैय रुपये में गिरावट का भी सरकार पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है। आम आदमी के लिए पहले ही जीवन कठिन है और आने वाले समय में उसकी मुश्किल बढ़ने ही वाली है। शेयर बाजारों में भी गिरावट है, लेकिन उसे गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि विदेशी निवेशक कमजोर रुपये के कारण यहां से जा रहे हैं। इसके अलावा शेयर बाजारों से सिर्फ तीन करोड़ लोगों का ताल्लुक है, बाकी बचे भारतीय हैं, जिन्हें कमजोर रुपये और उच्च मुद्रास्फीति की दोहरी चुनौती से जूझना होगा। गर्मियों का मौसम सचमुच बहुत खराब बीत रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अपने संगठन के लिए ''5 प्रभावी शक्तिशाली हैक'' : एक प्रभावी नेता बनने के लिए

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यह न केवल एक बेहतर नेता बनने का सबसे प्रभावी तरीका है, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बन जाता है। लेकिन, यदि आप इस बारे में आश्वस्त नहीं हैं, तो आइए बताएं कि नेताओं को कृतज्ञता का अभ्यास क्यों करना चाहिए और वे हर दिन ऐसा कैसे कर सकते हैं।'' मनीष नागर '' के अनुसार, जो कि ''प्रैक्टेनर लाइफ कोच और ''डिजिटल मार्केटर रणनीतिकार '' है, ने अपने उदयगंज स्थित आवास पर भेंटवार्ता में बताया।

1.आभार के साथ प्रतिबिंबित करने के लिए हर दिन समय निर्धारित करें।

कृतज्ञता का अभ्यास करना एक प्राथमिकता है या आपके दिमाग में सबसे ऊपर है। हालांकि, यदि आप अपने कैलेंडर में आभार का अभ्यास करने के लिए एक विशिष्ट समय को अवरुद्ध करते हैं, तो यह एक प्राथमिकता बन जाएगा।

2. प्रामाणिक हो।

जब यह प्रामाणिक होता है तो आभार अधिक प्रभावी होता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी कर्मचारी ने अभी एक परियोजना पूरी की है, तो आप एक सामान्य ''धन्यवाद'' की पेशकश से अधिक कर सकते हैं।

3. अपने संगठन में रुचि लें।

मैं कहूंगा कि रुचि लेना सबसे स्वाभाविक चीज हो सकती है जो आप अपने कर्मचारियों को अपनी कृतज्ञता दिखाने के लिए कर सकते




हैं। बस उनके साथ हवा को शूट करने के लिए कुछ मिनट लें।

4. सीखने के अवसर प्रदान करें।

आगे बढ़ें और उन्हें व्यक्तिगत और व्यावसायिक सीखने के अवसर प्रदान करें। उदाहरण ऑनलाइन कक्षाएं, इन–पर्सन वर्कशॉप, या एक उद्योग सम्मेलन में भाग लेने का मौका हैं–शायद आपके और आपके समूह के साथ मिलकर भी।

5. एक सकारात्मक कार्य संस्कृति बनाएं।

एक सकारात्मक संस्कृति की खेती करना। कई तरह से आप एक सकारात्मक माहौल प्राप्त कर सकते हैं। आप हर सुबह आने पर अपने कर्मचारियों का अभिवादन करके शुरू कर सकते हैं। आप दोपहर का भोजन खरीदकर, शुक्रवार दोपहर को गेम खेलकर और उनके समय का सम्मान कर सकते हैं।

## मुंडका में आग से 27 मौतों के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और सरकारी अमला–खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष श्री राजीव जौली खोसला ने कल मुंडका में लगी भीषण आग में 27 लोग जान गवां बैठे व दर्जनों अभी भी जख्मी है, जिसका जिम्मेदार भारत की राजधानी दिल्ली के सांसद, विधायक व पार्षद व सरकारी कर्मचारी हैं, जिनके रहते हुए जितनी भीषण आग लगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अमले द्वारा कार्यस्थल की जांच नहीं की जाती, जिसमें जनप्रतिनिधियों का दबाव भी पूर्णरूप से प्रभाव देता है। तकरीबन सभी क्षेत्रों में सरेआम फैक्ट्रियां चल रही हैं, जनप्रतिनिधियों और सरकारी अमले की मिलीभगत से, क्योंकि उनसे हर महीने करोड़ों–अरबों रुपए पूरी दिल्ली में रिश्वत के रूप में आते हैं, जिसके कारण ऐसे हादसे अंजाम देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रों में अतिक्रमण इतना बढ़ चुका है जिसे अब खत्म करना नामुमकिन है, क्योंकि सरकारी अमले ने रिश्वत लेकर हर प्रकार की गलत गतिविधि को बढ़ावा देते रहे। फायर ब्रिगेड अधिकारियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हर कार्यस्थल पर उपक्रमों की जांच करनी चाहिए अन्यथा ऐसी जगहों को बंद करवा देना चाहिए। अभी चार रोज पहले फिल्मिस्तान के पीछे भी आग लगी, जिसमें काफी नुकसान हुआ, क्योंकि तंग गलियां हैं, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचना भी मुश्किल था। पैंथर्स पार्टी मांग करती है कि जनहित में जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए। सरकारी अमला इतनी अच्छी तनख्वाह लेता है, जिसमें गुजारा आराम से हो सकता है, क्या रिश्वत की ओर उसे सोचना चाहिए। उन मेहनतकश मजदूरों की सोचो जो मात्र 6000 से 8000 तनख्वाह पर गुजारा करते हैं। पैंथर्स पार्टी क्षेत्र के आला अधिकारियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग करती है और मरने वालों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा।

## ज्येष्ठ माह संक्रान्ति पर्व मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ज्येष्ठ माह संक्रान्ति पर्व ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी श्री गुरू सिंह सभा,नाका हिंडोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। सायं का दीवान 6.30 बजे श्री रहिरास साहिब जी के पाठ से प्रारम्भ हुआ जो 9.30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में – हरि जेठ जुड़ंदा लोड़ीऐ जिस अगै सभि निवंनि।। हरि सजण दावणि लगिआ किसै न देई बंनि ।। शबद कीर्तन गायन कर संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने ज्येष्ठ माह संक्रान्ति पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुरू अर्जुन देव जी कहते हैं, इस माह में हमें परमपिता परमात्मा से जुड़ना चाहिये क्योंकि वह ही सर्वश्रेष्ठ है,सबसे ऊँचा है, उसी के आगे सभी सिर झुकाते हैं। उस प्रभु के आगे किसी की नहीं चलती, उसी का हुकुम सभी को मान्य होता है, वही जन्म देता है, वही मृत्यु देता है, वही सुख देता है, वही दुःख देता है। इसलिये सुख की प्राप्ति के लिये हमें प्रभु की आराधना करनी चाहिये। जैसे एक कमजोर बेल किसी बडेघ पेड़ के सहारे ऊँची उठ जाती है ऐसे ही बहुत से कमजोर व्यक्ति 'वाहेगुरू' का जाप (सिमरन) करके ताकतवर व धनवान हो जाते हैं। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने आई साध



संगतों को ज्येष्ठ माह संक्रान्ति पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन स0 सतपाल सिंह ''मीत'' ने किया। उसके उपरान्त गुरू का लंगर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

नोटः– दिनांक 15.05.2022 को सिखों के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी महाराज का प्रकाश उत्सव सायं 6.30 बजे से 10.00 बजे तक गुरुद्वारा साहिब में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा जिसमें रागी जत्था भाई दिलबाग सिंह जी शबद कीर्तन गायन कर संगत को निहाल करेंगे रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी कीर्तन एवं नाम सिमरन तथा ज्ञानी सुखदेव सिंह जी कथा व्याख्यान करेंगे आरती एवं श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी पर फूलों की वर्षा की जाएगी। समाप्ति के उपरान्त गुरु का लंगर वितरित किया जायेगा।

## सहारनपुर में बड़ी कार्यवाही : खनन माफिया हाजी इकबाल की 107 करोड़ की 125 संपत्तियां जब्त

सहारनपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट 14 (1) के तहत खनन माफिया पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की 107 करोड़ की 125 संपत्तियां और कुर्क कर ली हैं। हाजी इकबाल एसोसिएट की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों की एसआईटी जांच कर रही है। एसएसपी आकाश तोमर ने बताया कि संपत्तियों को चिन्हित करने के बाद हाजी इकबाल की अवैध रूप से अर्जित की गई 107 करोड़ रुपए की 125 संपत्तियां और कुर्क कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई यह संपत्तियां मिर्जापुर थाना क्षेत्र में हैं। राजस्व विभाग की टीम के साथ पुलिस इन संपत्तियों को शाम तक कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगी। एसएसपी ने बताया कि हाजी इकबाल ने अनेक बेनामी संपत्तियां अपने रिश्तेदारों और नौकरों के नाम की हैं। पुलिस ने अभी तक हाजी इकबाल की 128 करोड़ की 174 संपत्तियां जब्त करने की कार्रवाई की है। बाकी




संपत्तियों को भी चिन्हित किया जा रहा है। मामले में अभी भी हाजी इकबाल, उनके बेटे जावेद, वाजिद व अफजाल फरार हैं। हाजी इकबाल और उनके बेटों जावेद, वाजिद, अलीशान, अफजल व सहयोगी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राव लईक, नौकर नसीम के खिलाफ मिर्जापुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई थी। इस मामले में राव लाइक और नसीम की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## ज्ञानवापी में पहले दिन का सर्वे पूरा : तहखानों में हुई वीडियोग्राफी वादी पक्ष का दावा– साक्ष्य हमारे साथ

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर का सच सामने लाने के लिए अदालत के आदेश पर सभी पक्षों की मौजूदगी में फिर से सर्वे की कार्रवाई शुरू हुई। शनिवार को पहले दिन का सर्वे समाप्त हो गया। एडवोकेट कमिश्नर की मौजूदगी में सर्वेक्षण के दौरान पूरी टीम ने एक–एक चीज का बारीकी से निरीक्षण किया। एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्र और वादी–प्रतिवादी पक्ष के 50 से ज्यादा लोग परिसर के अंदर गए थे। ज्ञानवापी परिसर से बाहर आने के बाद कोर्ट कमिश्नर और अन्य अधिवक्ताओं ने मीडिया के सामने कुछ बताने से इनकार कर दिया। न्यायालय का आदेश है इसलिए सर्वे से संबंधित कोई भी जानकारी मीडिया के सामने देने से सर्वे की टीम ने मना किया। पुलिस ने सभी को वाहनों में बैठाकर काशी विश्वनाथ धाम से रवाना किया। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि रविवार सुबह आठ बजे से सर्वे का काम शुरू होगा। माना जा रहा कि टीम ज्ञानवापी के ऊपरी भाग का का सर्वे करने पहुंच सकती है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद तहखाने के चारों कमरों के सर्वे का काम पूरा हो गया। तहखाने में क्या मिला है, इसकी जानकारी अभी नहीं है। इधर, मीडिया से बातचीत में वादी पक्ष के वकील ने दावा किया कि सभी साक्ष्य हमारे साथ हैं। डीएम बोले– परिसर में 50 फीसदी से अधिक हिस्से का सर्वेक्षण जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने बताया कि अदालत के आदेश पर शनिवार सुबह आठ बजे से 12 बजे तक ज्ञानवापी मस्जिद परिसर और उसके आसपास कोर्ट कमिशन की कार्रवाई हुई। इस दौरान वादी–प्रतिवादी पक्ष, उनके अधिवक्ता और मंदिर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों ने अदालत के आदेश का पालन किया। शांतिपूर्वक तरीके से सर्वे का कार्य पूरा हुआ। सभी पक्षकार संतुष्ट हैं। लगातार चार घंटे सर्वे के उपरांत लगभग 50 फीसदी से अधिक हिस्से का सर्वेक्षण हो चुका है। यह कार्यवाही कोर्ट की निगरानी में हो रही है इसलिए ये जानकारी नहीं दी जा सकती की कौन–कौन से स्थानों का सर्वे किया गया और वहां क्या–क्या मिला। रविवार सुबह आठ बजे से पुनः सर्वे की कार्रवाई शुरू होगी। पूरे परिसर की वीडियोग्राफी के लिए विशेष कैमरा और लाइट की व्यवस्था की गई थी। ज्ञानवापी परिसर के आसपास जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था रही। डीजीपी और मुख्य सचिव ने पूरे मामले की मॉनिटरिंग की। ज्ञानवापी सर्वे को लेकर वाराणसी कमिश्नरेट




में अलर्ट जारी रहा। सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है। मंदिर के आसपास की सभी दुकानें बंद रहीं। मैदागिन और गोदौलिया की ओर से ज्ञानवापी जाने वाले रास्ते को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। बाबा के भक्तों को गेट नंबर एक से मंदिर में प्रवेश मिला। काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र छावनी में तब्दील रहा। मीडिया को ज्ञानवापी परिसर से रखा गया दूर अदालत ने सर्वे कराने की जिम्मेदारी एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्र को सौंपी है। उनके साथ विशेष कोर्ट कमिश्नर विशाल सिंह और सहायक कोर्ट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह भी रहे। मीडिया को ज्ञानवापी परिसर और मुख्य द्वार से लगभग एक किलोमीटर दूर ही रोक दिया गया था। ज्ञानवापी मस्जिद की वीडियोग्राफी सर्वे की कार्रवाई सुबह 8 बजे शुरू हुई और 12 बजे तक चली। बता दें कि अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए नए सिरे से सर्वे का आदेश दिया है। 17 मई को अदालत में इस मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। शनिवार से शुरू होने वाली सर्वे की कार्रवाई 16 मई तक हर दिन सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक जारी रहेगी। इससे पहले छह मई को सर्वे की कार्रवाई शुरू हुई थी, जो हंगामे के कारण सात मई को रुक गई। सात मई को ही अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अधिवक्ता आयुक्त (कोर्ट कमिश्नर) को बदलने की मांग कर दी थी। अदालत ने गुरुवार को यह मांग खारिज कर दी। चप्पे–चप्पे पर फोर्स, छतों से भी निगरानी ड़ी संख्या में पीएसी व सीआरपीएफ के जवान की तैनाती श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर चार के अंदर तथा बाहर तैनात की गई है। ज्ञानवापी मस्जिद के चारों ओर पूर्व में तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा अतिरिक्त फोर्स की भी तैनाती की गई है। वहीं मुख्य मार्ग से लगायत समीप की गलियों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में भी पुलिस चक्रमण कर रही है। मकान की छतों पर भी पुलिस तैनात है। समझें पूरा घटनाक्रम ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी के रोजाना दर्शन पूजन की मांग को लेकर पांच महिलाओं की ओर से दायर वाद पर बीते आठ अप्रैल को सुनवाई हुई। अदालत ने अजय कुमार मिश्र को अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त करते हुए ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण कर 10 मई तक अदालत में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। छह मई को कमीशन की कार्रवाई शुरू तो हुई लेकिन पूरी नहीं हो सकी। सात मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर एडवोकेट कमिश्नर बदलने की मांग कर दी। वहीं वादी पक्ष की ओर से ज्ञानवापी मस्जिद की बैरिकेडिंग के अंदर तहखाने समेत अन्य उल्लिखित स्थलों का निरीक्षण करने का स्पष्ट आदेश देने की अपील की गई इस प्रार्थना पत्र पर तीन दिन तक अदालत में सुनवाई चली। अदालत के फैसले के बाद अब शनिवार से कमीशन की कार्रवाई शुरू हुई है।

## डॉ. मोहम्मद वसी बेग को अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से मानद डी.लिट से किया गया सम्मानित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डॉ. मोहम्मद वसी बेग को अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा 14 मई 2022 को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में पत्रकारिता और जनसंचार की श्रेणी में माननीय डी. लिट से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर कई केंद्र सरकार, राज्य सरकार और व्यापार, बॉलीवुड और खेल जगत की प्रमुख हस्तियों को प्रस्तुत किया गया। डॉ. बेग के लगातार 500 समाचार पत्र लेखों के प्रकाशन द्वारा जो 1062 दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए थे। वर्तमान में डॉ. बेग ए.आई.सी.पी.ई. आर.टी, अलीगढ़ के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं इससे पहले उन्होंने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, डॉ एपीजे कलम तकनीकी विश्वविद्यालय में अपने कर्तव्यों का पालन किया है। डॉ. बेग 'बिलाल अलीग' नाम के प्रसिद्ध उर्दू कवि भी हैं। डॉ. बेग का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी शामिल है। वह डॉ एपीजे कलाम, राष्ट्रीय एएमपी पुरस्कार, पीसीएमए, युवा वैज्ञानिक, बेटी रक्षा दल और शिक्षा और सामाजिक कार्यों से संबंधित कई पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता हैं। वे 7 पुस्तकों के लेखक हैं और उनके 50 से अधिक तकनीकी पत्र कई प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. बेग ने अपने शिक्षकों, मित्रों रिश्तेदारों, पड़ोसियों, सहकर्मियों को हर पल प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस पुरस्कार को निरंतर समर्थन और आशीर्वाद के लिए मां जाफरी बेगम और पत्नी अस्मा परवीन को समर्पित किया। उन्होंने शफी बेग, रऊफ बेग, इरशादभाई, शेनाज



बेगम, जिया परवीन, सफिया को हर स्तर पर समर्थन के लिए विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के सभी जूरी सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने अविनाशजी, डॉ. एताशम मलिक, सुश्री जोया, हमीद खिजर साहब, मिर्जा अतहर साहब, हसनैन साहब, डॉ। अरशद उमर साहब,मोहसिन साहब, शुजात्यार साहब , शाहनवाज मोहसिन साहब, आबिद हसन साहब, वसीफ उल्लाह साहब,शोएब साहब,नदीम अख्तर, यासिर इकराम, जावेद इकबाल, सफदर, मोअज्जम, सैयद अरशद अली, नावेद अतीक, अरहम, आदिल, अकील, सगीर साहब,,जन निसार अख्तर साहब, इमरान साहब,, अरिश, मुनाजिर साहब, आशुल, दानिश, शाहिद, मुसीम साहब, डॉ रऊफ, हनीफ साहब, शोएब साहब, रीता मैम, प्रसादजी, अम्बरीष कुमार सक्सेना , मलिक जी, शर्मा जी, संतोष जी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, मुरादनगर की शान, कलाम हिंदुस्तानी, बुलंदसंदेश, उत्तर केसरी, ऑडिशन टाइम्स, मुरादाबाद उजाला, आप अभी तक, वार्तमान सत्ता और उन सभी को धन्यवाद दिया जिन्होंने नियमित रूप से उनके लेख प्रकाशित किए।

## एलपीसी बी– ब्लॉक राजाजीपुरम ने मनाया मदर्स डे

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बी– ब्लॉक , राजाजीपुरम स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज के एसपी लाइसीयम प्रेक्षागृह में मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर इनकम टैक्स कमिश्नर निधि वर्मा सिंह ( आईआरएस) मुख्य अतिथि के रूप में , संस्था के निदेशक हर्षित सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार, शिक्षक– शिक्षिकाएं ,अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रंगोली , नृत्य , कुकिंग विदाउट फायर एवं फैशन शो प्रतियोगिताओं में 57 मदर्स ने भाग लिया। विजेता माताओं को पुरस्कृत किया गया।

# जनपद में अभियान के तहत कुल 06 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधा/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 06 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न हैः–

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 वारांटी–

थाना कोतवाली जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त राशिद जंमाल पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ढालघर टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को अभियुक्त के घर से सम्बन्धित मु0 न0 207/19 धारा– 128 सीआरपीसी को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा 03 वारांटी –

1. थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा मु0नं0–253/2019 धारा–323/504 भा.द.वि थाना म0शहर, जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त राहुल पुत्र शोभनाथ निवासी अमारा थाना मछलीशहर जौनपुर व मुकदमा नं. 318/2019 धारा–147/323 भा.द.वि. थाना म0शहर, जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त रामआसरे पुत्र स्व0 भगवन्ता निवासी घिसुआ खुर्द थाना मछलीशहर जौनपुर व मुकदमा नं. 3/20 धारा 8/20 छक्दै ।बज थाना म0शहर, जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त रामसिंह बनवासी पुत्र पत्ती मुसहर निवासी करौरा थाना मछलीशहर जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

थाना बदलापुर द्वारा 01 वारण्टी–

थाना बदलापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–103/22 धारा–376/504/506 भादवि के वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र चौहान उर्फ धनी चौहान पुत्र महेन्द्र चौहान थाना बदलापुर जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर थाना बदलापुर क्षेत्र अंतगर्त उसरा बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना मुंगराबादशाहपुर द्वारा 01 वारण्टी–

थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा वांरट SST 5/15 धारा 363/376 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त बाबा उर्फ राजीव पुत्र पारसनाथ गौतम निवासी तासपुर थाना मुं0बादशाहपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा एक शातिर अभियुक्त 2 किलो 50 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गौराबादशाहपुरद्व पुलिस उपाधीक्षक के दिशा निर्देशन मे गौराबादशाहपुर जौनपुर पुलिस बल द्वारा एक शातिर अपराधी को एकरामगंज पुलिया बाईपास के पास से 2 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 79/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम मो0 उमर पुत्र सुहेल अहमद निवासी ग्राम चोरसण्ड थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुरपंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.मो0 उमर पुत्र सुहेल अहमद निवासी ग्राम चोरसण्ड थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 2.50 ाह नाजायज गांजा अपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–48/20 धारा–120–B, 307, 34, 452, 504, 506 भा0दं0वि0 थाना गौराबादशाहपुर,जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–50/20 धारा–4/25 आर्म्स एक्ट थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–240/20 धारा–504,506 भादवि थाना



गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 4.मु0अं0स0 –172/21 धारा–60 आबकारी एक्ट थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 5.मु0अं0सं0–112/21 धारा –8, 21 NDPS Act भा0दं0वि0 थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 6. मु0अ0सं0–79/22 धारा–8,20 NDPS Act थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी गौरा गौराबादशाहपुर, जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 महेश यादव थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 3.का0 काशीनाथ यादव थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 4.का0 धीरज कुमार सरोज थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर।

# थाना जफराबाद पुलिस द्वारा अवैध ताड़ी चुवाकर उसमे नशीला पदार्थ मिलाकर बेचने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जफराबाद श्री राजा राम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री रामजी सैनी मय हमराह हे0का0 कमलेश प्रसाद सैनी व का0 विपुल कुमार राय व का0 दीपक कुमार सिंह के ग्राम नासही थाना जफराबाद जौनपुर मे अवैध ताड़ी चुवाकर उसमे नशीला पदार्थ मिलाकर बेचने वाले अभियुक्त मदन माली पुत्र स्व0 राधेश्याम ताड़माली नि0 नासही थाना जफराबाद जौनपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध थाना पर मु0अ0सं0–76/2022 धारा–60 आबकारी व 272 भादवि मे अभियोग पंजीकृत किया गया । विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.मदन माली



पुत्र स्व0 राधेश्याम ताड़माली नि0 नासही थाना जफराबाद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 76/2022 धारा 60 आबकारी व 272 भादवि थाना जफराबाद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री राजाराम द्विवेदी,थानाध्यक्ष जफराबाद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री रामजी सैनी,चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद थाना जफराबाद जौनपुर।3. हे0का0 कमलेश प्रसाद सैनी , का0 विपुल कुमार राय , का0 दीपक कुमार सिंह थाना जफराबाद जौनपुर।

# पीआरबी 0321 ने डेढ़ वर्षीय बच्ची को परिजनों को सौंपा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आज शनिवार को दोपहर 12:04 मिनट पर कालर अंशु द्वारा 112 पर सूचना दिया गया कि रेल विहार चौराहे के पास एक डेढ़ साल की बच्ची लावारिस रोड पर मिली है, जिसको लेकर हम लोगों द्वारा 2 घंटे से आस पास के मुहल्ले व हॉस्पिटल में पता किया जा चुका है लेकिन बच्ची के परिजन नहीं मिल रहे है तो इस सूचना पर पीआरवी 0321 के कर्मचारीगण मात्र 4 मिनट में मौके पर पहुचे व मामले से एसएचओ शाहपुर को अवगत कराते हुए बच्ची को पीआरवी वाहन में लेकर पी ए सिस्टम के द्वारा आस पास के मोहल्ले में अलाउंस कर रहे थे कि अचानक एक घर से आवाज आई यह तो बच्ची मेरी पोती मान्या हैऋमान्या पुत्री सिद्धांत सिंह,उम्र लगभग 2 साल ईडब्ल्यूएस E 14 राप्तिनगर फेज 4 थाना शाहपुर,गोरखपुर तो पीआरवी कर्मियों द्वारा पूछने



पर बच्ची के दादी द्वारा बताया गया की घर में सभी लोगो को पता था कि बच्ची ऊपर के कमरे में सो रही है पता नहीं कब घर से बाहर चली गई थी तो पीआरवी कर्मियोंकमांडर का.–शिवरतन जयसवाल सबकमांडर कां– यशपाल यादव चालक हे.का.– अवधेश मिश्रा द्वारा बच्ची को बच्ची के दादी को सुपुर्द किया गया, जिस पर आस पास के लोगो व बच्ची के परिजनों द्वारा पीआरवीकर्मियों की भूरीऋभूरी प्रशंसा की गई।

# युवती से दुराचार करने का आरोपित गिरप्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवती से दुराचार करने के आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरप्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक गाँव में युवती के साथ दुराचार करने का आरोपित धर्मेन्द्र चौहान उर्फ धनी उसराबाजार में खड़ा हो कर कहीं भागने के फिराक में साधन का इन्तजार कर रहा है! सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मय हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुँच गये! पुलिस ने मुखबिर के इशारा पर आरोपित को गिरप्तार कर लिया। गत दिनों युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी 18 वर्षीया पुत्री के साथ बेलावा गांव निवासी धर्मेंद्र चौहान उर्फ धनी पुत्र महेंद्र ने 7 मई 2022 को रात में गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर दुराचार किया। युवती ने इस बात की जानकारी परिजनों को बताई! परिजन घटना को लेकर परेशान हो गये! पुलिस आरोपित धर्मेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी थी प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि दुराचार करने के आरोप में धर्मेन्द्र चौहान को गिरप्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है!

# श्रीमद्भागवत गीता में एक भी शब्द सदुपदेश से खाली नहीं है – अरविंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कथा व्यास अरविंद आनन्द जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता का महात्म्य वाणी द्वारा वर्णन करने के लिए किसी की भी सामर्थ्य नहीं है! पुराण अनेकों हैं किन्तु श्रीमद् शब्द के तिलक से श्रीमद्भागवत समलंकृत है! क्योंकि यह एक परम रहस्यमई ग्रंथ है। इसमें संपूर्ण वेदों का सार संग्रह किया गया है ! इसकी संस्कृति इतनी सुंदर और सरल है कि थोड़ा अभ्यास करने से मनुष्य उसको सहज ही समझ सकता है। किंतु इसका आशय इतना गंभीर भी है कि आजीवन निरंतर अभ्यास करते रहने पर भी उसका अंत नहीं आता। वह शुक्रवार को पुरानी बाजार गाँव में स्थित मुख्य यजमान रामजीत पाण्डेय के आवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महा पुराण कथा के पहले दिन शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य का वर्णन करते हुए श्रोताओं को रसपान करा रहे थे ! कथा व्यास अरविंद आनन्द जी महाराज ने कहा कि भगवान के गुण, प्रभाव और मर्म का वर्णन जिस प्रकार श्रीमदभागवत की कथा में किया गया है वैसा अन्य ग्रंथों में मिलना कठिन है! श्रीमद्भागवत गीता एक ऐसा अनुपमेय ग्रन्थ है जिसमें एक भी शब्द सदुपदेश से खाली नहीं है। स्वंय का कल्याण चाहने वाले मनुष्यों को चाहिए कि वह मोह को त्याग कर अतिशय श्रद्धा भक्ति पूर्वक अपने बालकों को अर्थ और भाव के सहित श्रीमद्भागवत गीता का अध्ययन कराएं एवं स्वयं भी इसका पठन पाठन और मनन करते हुए भगवान की आज्ञा अनुसार साधन करने में तत्पर हो जाएं ! क्योंकि अति दुर्लभ मनुष्य शरीर को प्राप्त होकर अपने अमूल्य समय का एक क्षण भी दुख मूलक क्षणभंगुर भोगों के भोगने में नष्ट करना उचित नहीं है। कथा की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने कस्बे में शोभा यात्रा निकाली! शोभा यात्रा में कस्बा जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा! कथा के मुख्य यजमान रामजीत पाण्डेय ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया! इस मौके पर देवी प्रसाद पाण्डेय, आशा पाण्डेय, रिंकू पाण्डेय, गायत्री शर्मा, पंकज पाण्डेय, सुशीला पाण्डेय, प्रवेश पाण्डेय, मनीष पाण्डेय आदि लोग मौजूद थे!

# फोरलेन तिराहे का सांसद ने शहीद आशुतोष यादव के नाम पर किया नामकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गाँव में फोरलेन पर स्थित तिराहे का सांसद श्याम सिंह यादव ने शुक्रवार को बोर्ड लगा कर अमर शहीद आशुतोष यादव के नाम पर नामकरण किया! इस मौके पर उन्होंने बोर्ड पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीद आशुतोष यादव को श्रद्धांजलि दिया! सांसद यादव ने कहा कि इतिहास साक्षी है जो देश के लिए कुछ करता है इतिहास उसी का बनता है! अमर शहीद आशुतोष यादव ने भी एक इतिहास बनाया है! उनकी अमर गाथा स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया जाएगा! श्रद्धांजलि देने वालों में रामजीत यादव, जयनाथ यादव, रमापति यादव, उमेश सरोज आदि लोग मौजूद थे! गौरतलब है कि ग्राम सुल्तानपुर निवासी आशुतोष यादव की भारतीय सेना में वर्ष 2013 में राकेट रेजीमेंट में आपरेटर के पद पर नियुक्ति हुई थी! कुछ दिन के बाद इनको 18 राष्ट्रीय राइफल बांदीपुरा सेक्टर के श्रीनगर में भेजा गया! आशुतोष यादव वहीं गनर के पद पर तैनात थे! 14 फरवरी 2017 को अपनी टीम के साथ वह सर्च आपरेशन में थे! आतंकवादियों से उस दिन आमने सामने हुई मुठभेड़ में आशुतोष यादव वीरगति को प्राप्त हो गये!

# अशोक चक्रवर्ती बने विशेष न्यायिक दंडाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 12 मई 2022 द्वारा जिला जज जौनपुर कार्यालय से श्री अशोक चक्रवर्ती एडवोकेट पुत्र स्वर्गीय जयदेव ,(स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) निवासी वाजिदपुर उत्तरी की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी पद पर नियुक्ति की गई। श्री



अशोक चक्रवर्ती पूर्व में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं। इस अवसर सेवानिवृत्ति जिला जज बिहार अजय कुमार श्रीवास्तव, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता वशिष्ठ नारायण शुक्ला , वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश सिंह , वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र बहादुर सिंह एवं अधिवक्ता बीडी सिंह , अधिवक्ता यादवेंद्र दत्त चतुर्वेदी, अधिवक्ता संजीव कुमार नागर , अधिवक्ता विजय कुमार , अधिवक्ता अजय कुमार दुबे , अधिवक्ता रूपेश कुमार पांडे , अधिवक्ता अरुण कुमार यादव, अधिवक्ता कोमल निषाद , अधिवक्ता राज सेठ , अधिवक्ता अनिल कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ताओं,शुभचिंतकों, ईस्ट मित्रों तथा रिश्तेदारों द्वारा बधाई देने वालों का तांता नजर आया।

## चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना : लाखों की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में चोरों ने शुक्रवार की रात चार घरों को अपना निशाना बनाकर नगदी सहित लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।गांव निवासी दिलीप सिंह, विनोद चतुर्वेदी, नीबूलाल निषाद तथा दिनेश निषाद के घर को चोरों ने निशाना बनाकर 25 हजार नगदी सहित लगभग तीन लाख रुपये के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस चोरी की चारों घटनाओं की जांच–पड़ताल में जुट गई है।

# शॉर्ट सर्किट से नमकीन एजेंसी व जनरल स्टोर की दुकान में लगी भीषण आग : 20 लाख का सामान खाक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सुतहट्टी मुहल्ले मे हल्दीराम एजेंसी व जनरल स्टोर समेत फोटो फ्रेम की दुकानों में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग मे दो लाख नगदी समेत 20 लाख का समान जलकर खघक हो गया।आग के तांडव से घर की छत व दीवारें फट गई।परिवार भी आग के लपेटे मे फंस गया मुहल्ले के लोगो की तत्परता किसी तरह से परिवार की जान बचाई गई। घटना बीती रात 2 बजे की है।नगर के सुतहट्टी मुहल्ला निवासी अनिरुद्ध गुप्ता का मकान है।जिसमें चार कमरे की दुकानों में अनिरुद्ध गुप्ता की जय मां विंध्यवासिनी एजेंसी के नाम हल्दीराम एजेंसी और गोदाम व नंदनी गुप्ता की गुप्ता ट्रेडर्स के नाम से जनरल स्टोर की दुकान तथा अगले हिस्से में मोकीम अहमद की फोटो फ्रेम की दुकान है।उपरी हिस्से मे वह खुद परिवार समेत रहते है।रात लगभग 2:00 बजे दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान से धुआं उठाते देख आस–पास के लोग जमा हो गए। देखते ही देखते कुछ ही देर में आग उग्र हो गई।अगल–बगल की दुकानों पर आग की भीषण लपटे से तीनों दुकानें धूं –धूं कर जलने लगी।देखते ही देखते तीनों दुकानों में रखा सारा समान जलकर नष्ट हो गया।मौके पर मौजूद भारी भीड़ ने आग बुझाने का हर सम्भव प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।सूचना पर पुलिस, नगरपालिका परिषद का पानी टैंकर व अग्निशमन गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दुकान का शटर खोलने का भी प्रयास किया गया, लेकिन वह आग लगने से जाम हो गया। शटर उखाड़ कर आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खघक हो गया।परिवार भी उपरी तल पर फंस गया लोगो की सहायता से किसी तरह परिवार को बाहर निकाला गया। पीड़ित अनिरुद्ध गुप्ता ने बताया कि जय मां विंध्यवासिनी एजेंसी फर्म के नाम से हल्दीराम की एजेंसी है। मेरी पत्नी नंदिनी गुप्ता की गुप्ता ट्रेडर्स के नाम से जनरल स्टोर की दुकान भी खाक हो गई।तीसरी दूकान मोकीम अहमद की फोटो फ्रेम की थी वह भी आग के चपेट मे आकर पूरी तरह खाक हो गया।मौके पर थाना प्रभारी सदानंद राय ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# एकदिवसीय निःशुल्क पेयजल शिविर का हुआ आयोजन

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट) बी0के0 दुबे के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश भारत स्काउट /गाइड हरदोई की ओर से सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज के तत्वावधान में शनिवार को पाली रूपापुर बस स्टैंड के निकट एक दिवसीय निःशुल्क पेयजल शिविर का आयोजन स्काउट प्रभारी विजय कुमार यादव व अध्यापक सोनू कुमार आदि की देखरेख में किया गया। निःशुल्क पेयजल शिविर का शुभारंभ पाली के पशु चिकित्साधिकारी डॉ धर्मेन्द्र वर्मा व पूर्व प्रधानाचार्या/अंग्रेजी प्रवक्ता विजेता आर्या ने संयुक्त रूप से किया। निःशुल्क पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट/ गाइड के द्वारा रोड पर चलने वाले राहगीरों को ठंडा जल व शरबत पिलाया गया। निःशुल्क पेयजल शिविर में जल व शरबत पीने वाले राहगीरों में काफी उत्साह देखने को मिला।जिसमें विद्यालय के स्काउट/ गाइड आजाद दल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और रोड पर चलने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने में ठंडा जल व शर्बत पिलाकर आयोजित कार्यक्रम में भरपूर सहयोग प्रदान किया। स्काउट प्रभारी विजय कुमार यादव ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग के माध्यम सेवा, समूह भावना और



नेतृत्व भावना विकसित होती है। पशुचिकित्साधिकारी डॉ धर्मेन्द्र वर्मा ने स्काउट एवं गाइड की सेवा भाव की सराहना की।और उन्होंने बताया कि स्काउटिंग का उद्देश्य होता है कि देश और समाज के लिये कार्य करे और मानवता से कार्य करते हुए आगे बढ़े। इस मौके पर रोड पर चलने वाले राहगीरों को निःशुल्क जल शर्बत पिलाने में स्काउट/गाइड के बच्चों में दीपक सक्सेना, सत्यम, सुजीत,अजीत,शोभित, भावना, दिव्या, दीक्षा, करीमा, गरिमा आदि का भरपूर सहयोग रहा। साथ ही भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विनीत कुमार, हिंदी प्रवक्ता प्रदीप कुमार मिश्रा,अध्यापक अरुण कुमार वर्मा, कमलेश श्रीवास्तव,अनूप कुमार,जनार्दन श्रीवास्तव,संजय कुमार रस्तोगी , रामाशीष यादव, विनोद राठौर,अभिलाष त्रिपाठी के अलावा अन्य अध्यापक व कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता प्रदान की।

# मिशन शक्ति फेज 4 के तहत बालिकाओं को किया जागरूक

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये मिशन शक्ति फेज– 04 विशेष अभियान की निर्धारित कार्य योजना के आधार पर शनिवार को पाली नगर स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में अध्ययनरत छात्राओं के मध्य एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या विजेता आर्या ने महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया। आपको बता दें कि वर्तमान में मिशन शक्ति फेज –04 संचालित है जिसके अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के तहत विद्यालय की उप प्रधानाचार्या विजेता आर्या द्वारा कालेज की बालिकाओं को स्वावलंबी कैंप की जानकारी दी गई।एवं उनसे अन्य महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए आग्रह किया गया।उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं से



जोड़कर अपने भविष्य को सवारें कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं है वे हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। शिक्षिका प्रीती देवी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की महिलापरक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।और उन्होंने बताया कि महिलाएं योजनाओं से जुड़कर जहाँ एक ओर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहीं वही उनमें स्वावलंबन की भावना को विकसित किया जा रहा है साथ ही सरकार की संचालित योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन,घरेलू हिंसा, टोल फ्री नंबर आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता विजेता आर्या,प्रवक्ता किरन वर्मा, शिक्षिका प्रीती देवी के अलावा काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे कुल 50963 मामलें : अदालतों में लम्बित 3854 मुकदमें हुए निस्तारित

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एम0 पी0 सिंह के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तथा अन्य अपर प्रधान न्यायाधीशगण, अपर जनपद न्यायाधीशगण, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत तथा सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रमेश दूबे एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत के अनुसार 14 मई 2022 को आयोजत राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 50963 मामलों का निस्तारित किया गया। जिसमें कुल 109363698 रुपये की वसूली धनराशि पर समझौता किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा कुल 56 मुकदमें लगाये गये जिनमें 23 वाद निस्तारित किये गये, जिस पर कुल 9060000 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति याचीगण को दिलायी गयी। पारिवारिक न्यायालयो द्वारा 48 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें सायला को मु0 2680000 की समझौता राशि प्रदान करायी गयी। न्यायालय विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट द्वारा विद्युत से सम्बन्धित कुल 36 वाद निस्तारित किये गये। सम्बन्धित मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा 3854 शमनीय फौजदारी वादों को निस्तारित किया गया 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम के 37 मामलें तथा अन्य प्रकार के 32 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल न्यायालय द्वारा कुल 164 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें मु0 4729889 रु0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। प्री–लिटिगेशन स्तर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग द्वारा भी मामलों का निस्तारण कराया गया, जिसमें राजस्व न्यायालयों फौजदारी के 2486 वादों, राजस्व के 1123 वाद, एवं पुलिस विभाग सहित अन्य प्रकार के 42300 एवं नगर पालिका द्वारा जलकर से सम्बन्धित 30 वादों, विद्युत बिल से सम्बन्धित 27 वादों का निस्तारण किया गया। प्री–लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवादों के निस्तारण हेतु प्राप्त 06 प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित पीठों द्वारा समाधान कराया गया। बैंक रिकवरी से सम्बन्धित 1137 प्री–लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा बैंक सम्बन्धित ऋण मु0 71740071 रुपये का समझौता किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 50963 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल 109363698 रुपये की वसूली धनराशि पर समझौता किया गया। इनमें विभिन्न अदालतों में लम्बित मुकदमों के निस्तारण की संख्या 3854 रही।

## राज्यपाल के हाथों साकेत महाविद्यालय अयोध्या के पूर्व प्राचार्य डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव नें सम्मानित होकर किया कायस्थ समाज का नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास दिवस लखनऊ कैसरबाग प्रदेश मुख्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया।सूत्र के मुताबिक यह कार्यक्रम रेडक्रास के जनक हेनरी डोनाल्ड के जन्म दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जो रेडक्रास की प्रदेश अध्यक्षा भी है ने मंच की अध्यक्षता की तथा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री एवम प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की गरिमामय उपस्थिति रही।जानकारी के मुताबिक यह कार्यक्रम करोना काल एवं पूरे सत्र में विशिष्ट एवं अति विशिष्ट कार्य करने वालों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप महामहिम राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।जिसमें अयोध्या जिले का वर्चस्व रहा।इस मौके पर महामहिम राज्यपाल तथा उप मुख्यमंत्री के कर कमलों से पुरस्कृत किए जाने वालों में अंबेडकर नगर जिले के टांडा के मूल निवासी तथा राम नगरी अयोध्या मे रह रहे साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सेंट जॉन एंबुलेंस में विशिष्ट योगदान के लिए गोल्ड मैडल एवम प्रमाण पत्र राष्ट्रपति पदक मिला।वैसे तो उन्हें यह सम्मान राष्ट्रपति भवन में मिलने वाला था परंतु कोरोना कॉल के कारण राष्ट्रपति भवन में पुरस्कार समारोह न अयोजित हो पाने के कारण राज्य मुख्यालय को भेज दिया गया।जिसे इस अवसर पर रास्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश की राजपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल ने आज आज प्रदान किया।इसके अतिरिक्त राज्य के स्टार पर महामहिम ने प्रदेश में कोरोनकाल मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई स्वमसेवकों को उत्साहवर्धन के




लिए प्रशस्ति पत्र दिया।वही इसी कड़ी में अयोध्या से डॉ अजय कुमार मिश्र, मनोज कुमार वर्मा, आशीष शर्मा, पवन कुमार शर्मा को भी महामहिम के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।इस मौके पर महामहिम ने प्रशस्तिपत्र देते हुए सभी स्वमसेवकों का आवाहन किया कि वे लोग पीड़ित मानवता की सेवा के लिए दुगने उत्साह से काम करेंगे और राज्य सरकार द्वारा गरीबों एवम असहायों की जो भी योजनाएं बनी हैं उनका भरपूर लाभ उन्हें दिलाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो पूरे प्रदेश से सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त करने वालों की संख्या अयोध्या जनपद से रही। साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव को इस सम्मान से सम्मानित होने की खबर जैसे ही अयोध्या जनपद में मिली तो कायस्थ समाज के साथ–साथ अन्य वर्ग से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी सभी लोग उन्हें उनके घर पर जाकर बधाइयां देते नजर आए बधाई देने वालों में खासकर अधिवक्ता अमन श्रीवास्तव अधिवक्ता रोहित वर्मा फिरोजपुर निवासी भानु प्रताप सिंह अयोध्या जनपद पुलिस लाइन कंट्रोल रूम निरीक्षक सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव ठेकेदार राजीव उपाध्याय अधिवक्ता आकाश श्रीवास्तव साकेत महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजमणि सिंह शहर प्रतिष्ठित अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह डॉ अजय तिवारी सहित भारी संख्या में लोग आते जाते दिखे।

## वीआईपी मूवमेंट बना आम लोगों के लिये मुसीबत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय राममंदिर निर्माण शुरू होते ही अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है।वही तीन वर्ष पहले जहां सैकड़ों में श्रद्धालु आते थे।अब यह संख्या हजारों में हो गई है। इसी के साथ वी बीआईपी और बीआईपी मूवमेंट भी बढ़ गया है। अब देश भर के सभी पार्टी नेता और मुखिया रामनगरी पहुंच रहे हैं और श्रीराम लला के सामने नतमस्तक हो रहे है। अक्सर बीआईपी मूवमेंट होते ही रामनगरी में ट्रैफिक व्यवस्था एक्टिव मोड में आ जाती है और सभी बैरियर बंद कर दिए जाते है और एक मात्र प्रमुख मार्ग पर आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी जाती है। जिससे स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चहूंओर खींचा जा रहा विकास का खाका लेकिन यातायात व्यवस्था दशकों पुरानी है वही विश्व पटल पर अयोध्या का नाम हर मायने में रोशन हो इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने हजारों करोड़ की कई योजनाओं का खाका खींचा है। लेकिन आज भी दशकों पुरानी व्यवस्था पर यातायात विभाग काम कर रहा है। वीआईपी मूवमेंट या अधिक भीड़ वाले दिनों में यातायात विभाग के पास केवल रूट डायवर्जन ही एक मात्र विकल्प है। स्थानीय व्यापारी शक्ति जायसवाल, सुफल चंद्र मौर्य, नंद कुमार गुप्ता नंदू सहित काफी व्यापारियों का कहना है कि यातायात व्यवस्था जानबूझकर बाहरी और स्थानीय नागरिकों को परेशान करती है। विशेष व्यक्तियों के आने पर यही यातायात विभाग के लोग अयोध्या के सारे प्रवेश स्थल पर वाहनों को रोक देते है। जब तक विशेष व्यक्ति दर्शन कर कर चला नहीं जाता है तब तक पाबंदियां बनी रहती हैं। इनका कहना है यात्री परेशान होते हैं व्यवसाय प्रभावित होता है । शिक्षक सत्येंद्र गुप्ता, सुनील अवस्थी, समाजसेवी रिशु पांडे, एडवोकेट अरविंद तिवारी का मानना है कि सरयू के किनारे रोड का चौड़ीकरण हुआ है। वहां पर जब तक स्थाई पार्किंग नहीं बनती तब तक सैकड़ों की संख्या पर बाहरी वाहन खड़े किए जा सकते हैं। लेकिन यातायात व्यवस्था सड़क के चौड़ीकरण होने तक यह नियम लागू करने के मूड में नहीं है। यही कारण है जाम की समस्या बनी हुई है।सहादतगंज से लेकर नयाघाट तक रोड का चौड़ीकरण होना है फिर भी ट्रैफिक सिग्नल लगा दिए गए है। जिसका अभी कोई उपयोग भी नही हो रहा है। श्रद्धालुओं ने कहा–पता होता तो आज दर्शन करने नहीं आते, शुक्रवार की सुबह लोग घरों से काम पर निकले तो सड़क पर प्रतिबंध लागू थे। हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के अयोध्या दर्शन का कार्यक्रम था। बाराबंकी से दर्शन करने आए तेज शंकर अवस्थी बलिया के राम शंकर पाल के वाहनों को अंदर के मार्गों पर मोड़ दिया गया। इन मार्गों पर काफी जाम लगा था। लोगों ने कहा घंटों हो गए लेकिन जाम के जाम में अभी भी फंसे हैं पता होता कि आज वीआईपी मूवमेंट है तो अयोध्या दर्शन करने नहीं आता। उन्होंने कहा प्रशासन को चाहिए वीआईपी के साथ सामान्य श्रद्धालुओं का भी ध्यान रखें 40 डिग्री तापमान पर लोग पैदल चलने को मजबूर है। टैक्सी भी बंद कर दी गई है।

## डॉ चिरंजी का हुआ प्रमोशन : प्रमुख अधीक्षक का पद हुआ खाली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)प्रदेश शासन ने जिला अस्पताल में प्रमुख अधीक्षक के पद पर तैनात डॉ चिरंजी राय को प्रोन्नति देकर निदेशक बनाया है। साथ ही इस पद पर तैनाती भी दी है।डॉ चिरंजी के प्रमोशन से एक बार फिर जिला अस्पताल में प्रमुख अधीक्षक का पद खाली हो गया है।गौरतलब है कि प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के चिकित्सक डॉक्टर चिरंजी राय वर्तमान में अपर निदेशक संवर्ग वेतनमान रुपए 37, 400–67, 000 ग्रेड पे–8900 पुनरीक्षित वेतनमान 1,31,100–2,16,600 रूपये पे मेट्रिक्स लेवल–13 क में कार्यरत थे। शासन ने राजयपाल की सहमति से उनको निदेशक ग्रेड वेतनमान रुपए 37,400–67,000 ग्रेड पे–1000 पुनरीक्षित वेतनमान 1,44,200–2,18,200 रुपये पे मेट्रिक्स लेवल–14 पर प्रोन्नत किया है। प्रोन्नति के सतह ही डॉ चिरंजी राय को जिला अस्पताल अयोध्या के प्रमुख अधीक्षक पद से उर्सला हार्समैन मेमोरियल अस्पताल कानपुर नगर का निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक बनाया है।शासन के चिकित्सा अनुभाग के सचिव रविंद्र की ओर से जारी आदेश में डा चिरंजी राय के साथ प्रमुख अधीक्षक एसएसपीजी जिला चिकित्सालय वाराणसी से प्रोन्नत कर निदेशक सीएचसी के पद पर तैनात किया गया है।

## मण्डलायुक्त ने पीएम–वानी योजना को व्यापक रुप से सफल बनाने हेतु प्रशिक्षण देने का दिया निर्देश

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) शासन द्वारा पीएम–वानी योजना को व्यापक रुप से सफल बनाने हेतु कार्याशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण प्रदत्त करने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके क्रम में दिनांक 13.05.2022 को कलेक्ट्रेट सभागार, अयोध्या में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रामचन्द्र, निदेशक, तकनीकि उ0प्र0 पूर्वी लाइसेंस सर्विस एरिया, दूर संचार विभाग, भारत सरकार, लखनऊ तथा पार्थ अच्युत, उपायुक्त (खाद्य), अयोध्या मण्डल, अयोध्या, आकाश दूबे, पिडिओ को–फाउण्डर डायरेक्टर, अंतरिक्ष नेटवर्क प्रा0लि0 एवं अधोहस्ताक्षरी तथा समस्त आपूर्ति कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से पीएम वानी योजनान्तर्गत उचित दर विक्रेता इण्टरनेट सेवा देकर किस प्रकार अतिरिक्त आय कर सकते हैं तथा इण्टरनेट सेवायें आम–जनमानस को प्रदान करने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। श्री रामचन्द्र जी ने बताया कि इस योजनान्तर्गत इण्टरनेट सेवा देने हेतु पीडीओ एस को कोई शुल्क, लाईसेंस तथा रजिस्ट्रेशन नहीं कराना होगा तथा न ही कोई टेलीकाम कर देना होगा, केवल एक्सेस प्वाइंट लगाकर पीडीए के साथ एक व्यवसाय अनुबन्ध करना होगा तथा टी एसपी/आईएसपी से एक व्यवसायिक इण्टरनेट कनेक्शन लेना होगा। अतः जनसामान्य भी सम्बन्धित योजना का सम्पूर्ण लाभ लेने हेतु अपने निकटस्थ उचित दर विक्रेता से सम्पर्क कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## जनता की समस्याओं को लेकर सपा महानगर महिला अध्यक्ष ने अपर मंडलायुक्त को सौंपा

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने जनता की समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त को ज्ञापन सौदा। इस मौके पर श्रीमती सरोज यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा आयोजित बैठक में नगर निगम के मेयर के जनसंपर्क अधिकारी एवं पार्षदों द्वारा नगर निगम पर व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था इसी आरोप के चलते नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी ने त्यागपत्र भी दे दिया था जिसको बोर्ड ने स्वीकार कर लिया। बोर्ड की बैठक में नगर आयुक्त में इन भ्रष्टाचारो की जांच अपर आयुक्त नगर निगम से कराए जाने को कहा था। जबकि यह गलत है अगर विभागीय कमी को विभागीय जांच कराई जाएगी तो निष्पक्ष जांच ना होगी श्रीमती सरोज यादव ने कहा हम लोग मांग करते हैं की इस पूरे प्रकरण की जांच मजिस्ट्रेट द्वारा कराई जाए जिससे निष्पक्ष जांच हो सके। नगर निगम के संपूर्ण क्षेत्र में बहुत जगह जर्जर सड़क एवं नालियों का निर्माण मानक के अनुरूप नही है जो होना चाहिए जिससे पानी निकासी हो सके। जलकल विभाग से हैंडपंप के लगवाए जाने की सामग्री की गुणवत्ता एवं बोरिंग मानक के अनुसार होना चाहिए । जनता से मनमाने तरीके से हाउस टैक्स वाटर टैक्स वसूली बंद हो और नगर निगम में जो फिजूलखर्ची हो रही है उसकी जांच की जाए और उस पर नियंत्रण किया जाए जिससे जनता का पैसा जनता के काम लगाया जा सके और विकास हो सके। समय–समय निरीक्षण होना चाहिए जिससे कहां–कहां क्या समस्याएं हैं जनता कहां परेशान हो रही है किन चीजों से जूझ रही है इसका इस से अवगत हो सके और इन पर काम किया जा सके समय–समय पर दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई भी कराई जानी चाहिए, जिससे बीमारियों से बचा जा सके।इस मौके पर महिला सभा उपाध्यक्ष निषात अख्तर, सविता मल्होत्रा, अल्पना यादव, रीता राही, विजय यादव, वसीम अहमद, साहिल अहमद, धर्मेंद्र सिंह, प्रेम कांत , रामकुमार, आदि समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

## कीटो से रहे सावधान गन्ने की फसल कर सकते नुकसान – प्रो.रवि प्रकाश

अयोध्या।(डॉक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गन्ना फसल पेड़ी, बसन्तकालीन एवं शरदकालीन गन्ने की फसल खेतों में लगी हुई है।गन्ने की फसल में कई तरह के कीट लगने का खतरा रहता है जो पूरी की पूरी फसल को बर्बाद कर सकते हैं। इनसे बचने के लिए किसानों को सबसे पहले तो बुवाई के समय ही कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए जिससे कीट न लगें, लेकिन फिर भी अगर कीट लग जाते हैं तो उसके लिए किसानों को उचित कीटनाशक का इस्तेमाल करना चाहिए। प्रसार्ड ट्रस्ट मल्हनी देवरिया के निदेशक ,प्रोफेसर रवि प्रकाश मौर्य ( सेवानिवृत्त बरिष्ठ कृषि कीट वैज्ञानिक) ने बताया कि गन्ना की खेती करने वाले किसानों को इस समय विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।गन्ने में मुख्य रूप से इस समय कीटों का प्रकोप हो सकता है। जिनकी पहचान ,.क्षति के लक्षण जानेगे तभी सही प्रबंधन कर पायेगें। दीमक कीट – यह कीट बुवाई से लेकर कटाई तक फसल की किसी भी अवस्था में लग सकता है। दीमक पेड़ी के कटे सिरों, पेड़ी की आंखों, किल्लों को, जड़ से तना तक गन्ने को काट देता है और कटे स्थान पर मिट्टी भर देता है। दीमक की रोकथाम के लिये वैवेरिया वैसियाना 2 किग्रा 500 लीटर पानी में घोल कर प्रति एकड़ की दर छिड़काव करना चाहिए। इसके अलावा जिस खेत में दीमक का प्रकोप हो उसमे समुचित सिंचाई करके भी दीमक को कम किया जा सकता है। अंकुर बेधक– अंकुर बेधक कीट गन्ने के किल्लों को प्रभावित करने वाला कीट है और इस कीट का प्रकोप गर्मी के महीनों (मार्च से जून तक) में अधिक होता है। प्रभावित पौधे की पहचान मृतसार का पाया जाना ऊपर से दूसरी या तीसरी पत्ती के मध्य सिरा पर लालधारी का पाया जाना है। प्रबंधन– अण्डों को इक्ट्ठा करके नष्ट कर देना चाहिए. प्रभावित पौधों को पतली खुरपी से लारवा/प्यूपा सहित काटकर निकाल कर तथा चारे में प्रयोग करना या उसे नष्ट कर देना चाहिये। पायरिला– पायरिला कीट हल्के से भूरे रंग का 10–12 मिमी लम्बा होता है। इसका सिर लम्बा व चोंचनुमा होता है। इसके शिशु तथा वयस्क गन्ने की पत्ती से रस चूसकर क्षति पहुंचाते हैं। इसका प्रकोप माह अप्रैल से अक्टूबर तक पाया जाता है। शल्क कीट– गन्ने की पोरियों से रस चूसने वाला एक हानिकारक कीट है। इसके शिशु हल्के पीले रंग के होते हैं जो थोड़े समय में गन्ने की पोरियों पर चिपक जाते हैं। गतिहीन सदस्यों का रंग पहले राख की तरह भूरा होता है जो धीरे–धीरे काला हो जाता है। मछली के शल्क की तरह ये कीट गन्ने की पोरियों पर चिपके रहते हैं। प्रबंधन – प्रभावित क्षेत्रों से अप्रभावित क्षेत्रो में बीज किसी दशा में वितरित नहीं करना चाहिए ।जहां तक सम्भव हो, ग्रसित खेतों की पेड़ी न ली जाए ।ग्रासहॉपर इसके निम्फ तथा वयस्क गन्ने की पत्तियों को जून से सितम्बर तक काटकर हानि करते हैं। प्रबंधन– रोकथाम हेतु मेड़ों की छंटाई तथा घास–फूस की सफाई करे। विशेष प्रबंधन–1–सभी बेधक कीटों के लिए 4 लाईट फेरोमोन ट्रेप प्रति एकड़ की दर से खेत मे लगाये। 2– नीम आयल / एजाडिरेक्टीन 2.5 लीटर को 500 लीटर पानी मे घोल कर प्रति एकड़ मे छिडकाव करे। 3.–पीला/नीला स्टिकी ट्रेप 20 प्रति एकड़ मे लगाये। जैविक प्रबंधन की जानकारी दी गयी है। आवश्यकता पड़ने पर ही रसायन कीटनाशकों का प्रयोग करे। जनपद के जिला गन्ना अधिकारी/ कृषि रक्षा अधिकारी/क्षेत्रीय गन्ना सहायक से भी तकनीकी जानकारी ले सकते।

## ट्रेन में यात्री की हालत बिगड़ने से जिला अस्पताल पहुंचते ही हुई मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) दिल्ली से आजमगढ़ का सफर कर रहे गरीब नवाज एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री की हालत बिगड़ी।जिसकी जिला अस्पताल पहुंचते मौत हो गई।इस संबंध में अयोध्या कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर अरविंद तिवारी ने बताया कि सुरेश कुमार पुत्र सरजू राम आयु लगभग 65 वर्ष निवासी जमालपुर थाना गंभीरपुर जनपद आजमगढ़ आज 15716 डाउन गरीब नवाज एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच सीट नंबर 49 से सफर कर अपने घर को जा रहा था ट्रेन अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची की अधीक्षक द्वारा जीआरपी इंस्पेक्टर अरविंद तिवारी को सूचना दी गई कि एक यात्री अचेत अवस्था में स्लीपर कोच में पड़ा हुआ है तत्काल इंस्पेक्टर द्वारा पहुंच कर ओके यात्री को ट्रेन से उतरवाकर कांस्टेबल सुभाष चंद्र यादव के द्वारा आज 12:15 पर जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रही डॉक्टर सुनीति ने परीक्षण कर सुरेश कुमार को मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया वही इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे फार्मेसिस्ट विजय वर्मा द्वारा पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भिजवा दिया गया है।

## जेबी अकादमी के बच्चों ने मां सरयू की आरती कर दिया नदी की पवित्रता को बनाए रखने का संदेश

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)बैसाख शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी पर गुरुवार को जेबी अकादमी के छात्रों ने मां सरयू की भव्य संध्या आरती की। गुप्तारघाट स्थित चरणपादुका मंदिर के समक्ष सरयू घाट को दीपों से सजाया गया। शाम दीपों की रोशनी के बीच श्वेत एवं पीत परिधान में बच्चों ने मां सरयू की दिव्य आरती के साथ नदी की पवित्रता को बनाए रखने का संदेश दिया। सरयू नदी के महत्व एवं उसके संरक्षण के उद्देश्य को ध्यान में रखकर इन्टैक अयोध्या अध्याय की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर इन्टैक अयोध्या अध्याय की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला ने कहा कि जब नदी किसी से भेदभाव नहीं करती है तो हम मनुष्यों को भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। जिस प्रकार नदी सबको सामान्य रूप से अपना जल प्रदान करती है। उसी प्रकार हम सभी को आपसी मनमुटाव, जाति, धर्म का भेदभाव भूल कर भाईचारे के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक एकादशी को स्कूल के बच्चे मां सरयू की दिव्य आरती करेंगे और अपनी संस्कृति, नदी की उपयोगिता एवं उसकी शुद्धता व पवित्रता का संदेश जनजन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की संयोजक डा. दिव्या शुक्ला ने कहा पक्की मिट्टी के दिये दोबारा मिट्टी में नहीं मिलते हैं। पर्यावरण की शुद्धता के लिए यह प्रयास होना चाहिए कि कच्ची मिट्टी के दिये का सभी प्रयोग करें। अगर पक्की मिट्टी के दिये का प्रयोग करें तो उसे दोबारा प्रयोग में लाने के लिए सुरक्षित रख लें, कहीं फेंके नहीं। उन्होंने कहा कि धरती पर नदी ही मीठे पानी स्रोत है, इस लिए इसे प्रदूषित होने से बचाने के लिए हम सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करें। आरती के जरिए यह संदेश दिया गया कि जल ही जीवन है इस लिए इसे हर कीमत पर बचाना है। प्रधानाचार्य विमल कुमार जोशी ने कहा कि छात्रों की यह गतिविधि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण की भावना को प्रदर्शित करती है। सरयू अयोध्या क्षेत्र के लिए एक पवित्र नदी के रूप में ही नहीं, पशु पक्षियों, वनस्पति व कृषक समाज के लिए आर्थिक रूप से जीवन प्राण बनकर प्रवाहित होती है। अकादमी के हिंदी विभाग के शिक्षक राघवेंद्र अवस्थी ने मां सरयू की आरती लिखी और शिक्षक आशा तिवारी, निर्मल तथा पीसी तिवारी ने छात्रों को प्रशिक्षित किया। आरपी चौबे, अैरिज मेहंदी, अवधेश ने सहयोगी की भूमिका निभाई। सूर्यांश, मृगेंद्र, कार्तिके, हर्षित, शिवांश ने आरती की। अविका, जान्हवी, अनुकृति, अग्रता, शिक्षा ने सहयोग किया। आरती के बाद सरयू रितुदमन, सुयश, वेदांशी, रीतिका, राशि, अविरल राज, युवराज, दिशा, प्रभमीत ने सरयू गीत प्रस्तुत किया। तबले पर देव नंदन, हारमोनियम पर आस्था और विजय घंट पर वृंदा ने संगत दी। कक्षा नौ के छात्र छात्राओं ने घाट पर 501 दिये जलाए। इन दीपों को भविष्य के लिए पुनः संरक्षित किया गया।

## एनसीसी कैडेटों ने विंग कमाण्डर धीरेन्द्र सिंह जफा को अर्पित की पुष्पांजलि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शुक्रवार को प्रातः काल 9:30 बजे से 10:30 बजे तक 1 यू.पी. बालिका स्वतंत्र कम्पनी एवम 65 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी के लगभग 70 बालिका एवम बालक कैडेटों के द्वारा फैजाबाद कैन्ट मे स्थित जफा मेमोरियल पार्क मे विंग कमाण्डर धीरेन्द्र सिंह जफा, वीर चक्र की आदमकद प्रतिमा की सफाई एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश के विभिन्न 'चक्र विजेताओं' को सम्मान देने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में अयोध्या स्थित दोनो एन. सी. सी इकाइयों के कमान अधिकारी कर्नल सुमित रंजन एवम ले. कर्नल. प्रसून नाथ के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के विजेता को कमांडर डा. मिश्र ने किया सम्मानित : 16 मई को पीएसी ब्रास बैंड करेगी मधुर ध्वनि की प्रस्तुति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी पीआरओ सेल के मुताबिक पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक 08 मई 2022 से शुरू होकर 12 मई 2022 तक पांच दिवसीय 25 वीं अंतर वाहिनी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पीएसी पूर्वी जोन में हुआ।इस प्रतियोगिता में 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी ने 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर वाराणसी को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर शील्ड पर कब्जा किया।सूत्र के मुताबिक यह बास्केटबॉल प्रतियोगिता पीएसी पूर्वी जोन के अंतर्गत निहित 10 वाहिनीयों की टीमों के मध्य आयोजित किया गया था।जिसमे विजयी वाहिनी के विजेता प्रतिभागियों में हिमांशु कुमार मिश्र,मनीश सिंह, मुख्य आरक्षी अखिलेश, आरक्षी रविकांत, सरफराज, हिमांशु मिश्रा, मनीष, अभिषेक, सौरभ, फरान, सुभाष, एवं ऐनाम खान का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।जो बहुत ही सराहनीय रहा।जिसके चलते उनके इस सराहनीय कार्य के चलते डॉ.राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस, सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी ने सभी विजयी प्रतिभागियो को पुरुस्कृत करते हुये उन्हें प्रोत्साहित किया।वही इसी कड़ी में पीएसी का हाफ ब्रास बैंड अपनी मधुर धुनों से आमजन में देश भक्ति की भावना का अलख जगा कर उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करेगी।पीएसी बल का यह ब्रास बैंड शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों, राष्ट्रीय स्मारकों एवं शहीद स्मारकों पर जाकर वादन के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना व कर्तव्य परायणता को जागृत करेगा।ज्ञातव्य है कि अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, डॉ. एस. के एस प्रताप कुमार के निर्देशानुसार डॉ





राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस, सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी द्वारा 34वीं वाहिनी एवं 36वीं वाहिनी पीएसी बैंड को सम्मिलित कर 'हॉफ ब्रास बैंड' का गठन किया गया है। यह हाफ ब्रास बैंड संयुक्त रुप से शहर के विभिन्न राष्ट्रीय स्मारक, ऐतिहासिक स्थलों एवं शहीद स्मारकों पर विशेष अवसरों एवं समय–समय पर, लगभग एक घंटे की प्रस्तुति देगा।डॉ मिश्र ने बताया कि एडीजी पीएसी के निर्देश पर दो वाहनियों के बैंड द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुति दी जाएगी।संयुक्त बैंड द्वारा अपनी प्रथम प्रस्तुति बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारनाथ में सोमवार को शाम 5 बजे दी जायेगी।इसके अतिरिक्त संयुक्त ब्रास बैंड द्वारा वाराणसी के अन्य प्रमुख स्थलों जैसे दशाश्वमेघ घाट, पुलिस लाइन्स शहीद स्थल, निहाल सिंह शहीद स्मारक कपसेठी, रामनगर आदि पर देशभक्ति से जुड़े गीतों की मधुर धुनों को बजाकर प्रस्तुतियां देना प्रस्तावित है।उल्लेखनीय है कि 34 वीं वाहिनी पीएसी का बैंड पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर अपना एकल मनोरम प्रदर्शन एवं प्रस्तुति आमजन के बीच दे चुका है।

## मस्जिदों के सामने आपत्तिजनक वस्तुएं फेंकने वाले आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पिछले दिनों अयोध्या क्षेत्र में टाटशाह मस्जिद सहित कई मस्जिदों में धार्मिक ग्रंथ व मांस फेकने के मामले में कोर्ट ने उक्त कृत्य में लिप्त अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है।कोर्ट ने बादी पक्ष की बहस सुनने के बाद अभियुक्तों इस घिनौने कृत्य को संज्ञान लेते हुए अपना फैसला सुनाया। पिछले दिनों ईद नजदीक होने पर अयोध्या में साम्प्रदयिक सौहार्द खराब करने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों ने मस्जिद व ईदगाह के पास धार्मिक ग्रन्थ के पन्नो के साथ मांस के टुकड़े फेका था। लेकिन पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए सी सी टी वी कैमरे की सहायता से 24 गया घंटे में ही सभी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी मामले में आज जमानत पर बहस सुनने के बाद सी. जे. एम. कोर्ट फैजाबाद द्वारा जमानत खारिज कर दी गई। अधिवक्ताओ ने बहस के समय दलील दी की पूरे देश को साम्प्र्दायिक दंगों में झोकने का प्रयास किया गया ऐसे लोगों को समाज में रहने का कोई हक नहीं इनके विरुद्ध रासुका लगना चाहिए. वादी पक्ष से मंसूर इलाही एड. सौरभ मिश्रा एड. सै. आफताब अहमद एड. आफताब शेरू एड. जमशेद एड. तरन्नुम बानो एड. अदि ने पैरवी की।

## दस लाख तक की सीमा के प्राइवेट भवनों व निर्माण–स्थलों को छूट प्रदान है – मण्डलायुक्त

अयोध्या।(डॉक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मण्डलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा ने बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियोजन एवं सेवाशर्तो का विनियमन अधिनियम 1996 की धारा–07 के अन्तर्गत कार्यस्थलों का पंजीकरण एवं उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार उपकर अधिनियम 1996 की धारा–3 (1) के अन्तर्गत निर्मित भवनों की निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर साग्रहित कर उपकर के खाते में जमा कराये जाने का प्राविधान है। 10 लाख तक की सीमा के प्राइवेट भवनों/निर्माण–स्थलों को छूट प्रदान है, लेकिन सभी वाणिज्यिक निर्माण–स्थलों पर उपकर की देयता बनती है। सरकारी कार्यो के सम्बंध में सभी शासकीय विभागों के अधिकारियों को उपकर–संग्राहक एवं उपकर निर्धारण अधिकारी घोषित किया गया है। इसी प्रकार प्राइवेट निर्माण–कार्यो के लिए श्रम विभाग के अधिकारी उपकर संग्राहक एवं उपकर निर्धारित अधिकारी घोषित है। उपकर अधिनियम की व्यवस्थानुसार एवं सचिव बोर्ड के निर्देशों के अनुक्रम में समस्त शासकीय विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का 1 प्रतिशत उपकर की कटौती कर आनलाइन अपडेट कराया जा रहा है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मेंं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।